राज्यपाल सचिवालय

लोक भवन जयपुर

राज्यपाल की प्रख्यात पर्यावरणविद श्री माधव गाडगिल के निधन पर शोक संवेदना

जयपुरए 13 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने देश के प्रख्यात पर्यावरणविद श्री माधव गाडगिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा है कि देश के प्रख्यात पर्यावरणविदए चिंतकए पश्चिमी घाट जैव विविधता संरक्षण में अप्रतिम योगदान देने वाले श्री माधव गाडगिल का निधन एक युग का अवसान है। वह धरती पुत्र थे। माधव गाडगिल जी ने जैव विविधता संरक्षणए सतत विकास और पर्यावरण नीति पर ही महती कार्य नहीं किया बल्कि पारिस्थितिकी संतुलन की दिशा में भी उनका बड़ा योगदान था। उनका निधन भारतीय प्रकृति संरक्षण की दृष्टि से चिंतन करने वाले मनीषी का बिछोह है। यह असहनीय क्षति है।

राज्यपाल ने ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा की शांतिए और परिजनों और उनके समर्थको को यह दुख सहन करने शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

......